तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 औद्योगिक क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा चौतरफा ...



12 राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में हसदा स्कूल के 9 ...



## खबर संक्षेप




### समर कैंप में बच्चों ने नाश्ता बनाना सीखा

**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में समर कैंप का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। चौथे दिवस आज सबसे पहले सर्कल टाइम में एक्टिंग सॉन्ग ऊपर हैं आकाश को प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल के साथ बच्चों और शिक्षकों द्वारा गाया। इसके पश्चात नंबर कार्ड की सहायता से जोड़ना तथा घटाना, मूर्त से अमूर्त मिलान, अंक बनाकर आकृति से उस अंक के निर्माण की गतिविधि समूह में की गई। इसके पश्चात थिमैटिक राइटिंग किया गया जिसमें कक्षा 2 से 3 के बच्चे मेरा घर, कक्षा 4 से 5 के बच्चों को मेरी शाला थीम में लिखने दिया गया। कक्षा पहली के बच्चों को उसी थीम के अनुसार चित्र बनाने को दिया गया। तदोपरान्त बच्चों को पाक कला सिखाते हुए शिक्षकों के साथ मिलकर मैगी बनाना सिखाया गया। बच्चे सहित शाला परिवार ने मैगी का आनंद लिया। बच्चों ने आज की क्लास क़ा भरपूर आनंद लिया गया। उक्त क्लास में प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, मैमुना सुल्ताना, वीणा रावटे, आशुतोष चौबे साथ ही बच्चे उपस्थित थे।

### मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर 06 मोहभट्ठा के भाठापारा में वार्डवासी ने हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान और महादेव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान श्रद्धालु व वार्डवासीयों के लिए भोजन भंडारा रखा गया था। वार्डवासियों ने बताया कि 22 अप्रैल को कलशयात्रा निकाली गई और 23 अप्रैल प्राण-प्रतिष्ठा किया गया। वहीं 24 को भंडारा एवं रात्रि में रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

### बच्चों ने सीखा डायरी लिखना



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में चल रहे समर कैम्प के अंतर्गत बच्चों ने बुधवार को हाथी के स्वभाव व शारीरिक बनावट के बारे में जाना। साथ ही धम्मक धम्मक आता हाथी (बाल कविता) को शाला की नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा के साथ हाव भाव के साथ किये। बच्चे कविता सुनकर बहुत आनंदित हुये। शिक्षिका ने बच्चों को भाषायी गतिविधियों पढ़ने और लिखने से जोड़ने के लिए छोटी-छोटी बाल डायरी का निर्माण किया है। डायरी में बच्चे समर कैम्प के रोज के अपने अनुभव शब्दों या वाक्यों में लिखते हैं। बुधवा बच्चों ने हाथी पर कविता को अपनी छोटी डायरी में लिखा। इससे उनमें लेखन क्षमता का विकास हुआ। इन गतिविधियों में अजीम प्रेमजी फाउडेशन से हुमा नाज का विशेष मार्गदर्शन रहा। साथ ही प्रधानपाठक विशेषर नेताम की विशेष सहभागिता रही।

### कमिश्नर व आईजी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**बालोद।** दुर्ग संभाग के कमिश्नर सत्यनारायण राठौर एवं पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के मतदान केन्द्र लिमोरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में बनाए गए मतदान दल, किया गया रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग अंतर्गत बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के मतदान दलों के गठन का कार्य पूरा हुआ। निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया से मतदान दल गठित किए गए। रेंडोमाइजेशन जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस के बैठक कक्ष में सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एस. बी. शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) की मौजूदगी में हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा सहित ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। प्रथम रेंडमाइजेशन में निर्वाचन में ड्यूटी करने वाले अधिकारी-कर्मचारी चयनित किए गए थे। अभी दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन से मतदान दल बनाए गए। विधानसभावार दल बनाए गए हैं। टीम के सदस्यों को अभी यह नहीं पता कि उन्हें किस बूथ में मतदान कराने जाना है। यहां तक वे आपस में परिचित भी नहीं हैं। सामग्री वितरण के समय ही उन्हें बूथ बताकर रूट चार्ट के अनुरूप रवाना किया जाएगा। डीआईओ रोहित चन्द्रवंशी के नेतृत्व में उनकी टीम ने रेंडमाइजेशन की कार्रवाई पूर्ण की। मतदान दलों का प्रशिक्षण हो गया है। इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुडू लाल जगत, सर्व एसडीएम, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में हुई रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया



### मतदान केंद्रों में रखें पूरी व्यवस्था : शेट्टीनवार

प्रेक्षक एसबी शेट्टीनावर ने जिले के विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सबसे पहले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपस्थित संबंधित कर्मचारियों को महिला एवं पुरुष मतदाताओं के साथ ही 80 से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या की जानकारी लेते हुये उनके लिए उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्रों में मूलभूत सविधाओं शौचालय, शुद्ध पेयजल, बिजली, रेम्प की जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात उनके द्वारा कन्या पूर्व माध्यमिक शाला वार्ड क्रं. 16 भैरव बाबा मंदिर बेमेतरा तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंघौरी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि इन मतदान केंद्रों में सुविधाओं की और आवश्यकता होती है, तो उसकी भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय, तहसीलदार परमानन्द बंजारे सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

## आध्यात्मिक गुरू व उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री ने जनता से की अपील

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भाजपा को दें वोट : सतपाल महाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

- दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन में ली आमसभा

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन में आध्यात्मिक गुरु एवं उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महराज ने क्षेत्र के मतदाताओं से वोट की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन होने से देश व प्रदेश का तेजी से विकास होगा। केन्द्र से पूरा पैसा आयेगा प्रदेश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए जरूरी है और इसके लिए दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को जिताना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं पिछले विधानसभा चुनाव में भी आया था। उसे समय छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तो बोल रहे थे कि केंद्र सरकार कुछ नहीं देती। लेकिन, अब भाजपा की सरकार है, केंद्र से पूरा पैसा आएगा और प्रदेश का विकास होगा। सतपाल महाराज ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नल जल योजना है, राशन फ्री में मिल रहा है, धारा 370 हटाई गई, तीन तलाक खत्म किया गया। उन्होंने उपलब्धि बताते हुए कहा कि कोरोना काल में भारत ने वैक्सीन बनाने का काम किया है। सतपाल महाराज ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को विजयी बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रीतपाल बेलचंदन लोकसभा सहसंयोजक प्रकाश साहू प्रभारी गोपाल वर्मा विधानसभा साजा प्रभारी बल्लु राम साहू मंडल अध्यक्ष साजा रोहित सिंह राजपूत महामंत्री बिसरु साहू महामंत्री हरिशंकर टावरी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष साजा मूलचंद शर्मा दाऊ धर्मपाल मनहरण यादव सुधीर ताम्रकार रोहित सिंह ठाकुर विनोद शर्मा ईश्वर पटेल नारद देवांगन नेतराम साहू अरुण वर्मा संतोष यादव लारा राजू शर्मा करण साहू बुलाक साहू पूरन साहू पुन्नी तोरण यादव मंडल अध्यक्ष खान खमरिया पुरन कश्यप महामंत्री चंद्रशेखर राजपूत अनिल सिंघानिया सोनू शर्मा राजेश ठाकुर महामंत्री युवराज साहू राजेंद्र वर्मा रोहित सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष धमधा सरोजिनी यादव ▸▸| शेष पेज 11 पर






### सांसद प्रत्याशी विजय ने मांगा जीत का आशीर्वाद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा कि श्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में जितना काम हुआ है, वैसा काम कभी नहीं हुआ। गरीबों के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। वहीं, पूर्व सांसद व दुर्ग लोकसभा के प्रभारी चंदू साहू ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि दुर्ग लोकसभा की आम जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है, नरेंद्र मोदी के साथ है। कार्यक्रम को विजय बघेल दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी ने भी संबोधित किया और सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि पिछले चुनाव में मुझे सांसद बनाकर भेजा और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग किया। इसी तरह इस चुनाव में भी भारी मतों से भारतीय जनता पार्टी को जिताएं और मुझे जीत का आशीर्वाद दें। कार्यक्रम का संचालन दुर्ग लोकसभा के संयोजक अवधेश सिंह चंदेल तथा आभार प्रदर्शन साजा विधानसभा संयोजक नथमल कोठारी ने किया।

# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल करेंगे चुनावी जनसभा को संबोधित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- सभा में 30 हजार भीड़ जुटाने जिला भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल 26 अप्रैल जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री शाह बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी आमसभा को सम्बोधित करेंगे और दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर भाजपा की बुधवार को मैराथन बैठक हुई। उक्त बैठक में पूर्व मंत्री राजेश मूणत, प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव,पूर्व सांसद महासमुंद चंदूलाल साहू ने लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल, मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचन्दन, कांतिलाल बोथरा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की मौजूदगी में जिले के भाजपा संगठन के पदाधिकारियों को जनसभा में 30 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य दिया गया है। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक पोलिंग बूथों व भाजपा सगठन द्वारा संचालित शक्ति केंद्र से ▸▸| शेष पेज 11 पर

### सभास्थल का भाजपा नेताओं किया निरीक्षण

बैठक के पश्चात कार्यक्रम स्थल बेसिक स्कूल मैदान का प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व सांसद महासमुंद चंदूलाल साहू, विधायक दीपेश की साहू, प्रितपाल बेलचंद्न, कांतिलाल बोथरा, राजेंद्र पाध्य, सुरेंद्र कौशिक ने निरीक्षण कर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के समुचित व्यवस्था बनाए रखने कहा। इस दौरान योगेश तिवारी, विजय सुखवानी, योगेश वर्मा, दीपक मोटवानी, शिवम तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संयुक्त टीम ने बहेरा में रुकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर जिले में बाल विवाह मुक्त करने संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्यवाही कर रही है।

इसी क्रम में 23 अप्रैल मंगलवार को चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेरला के ग्राम-आनंदगांव, तह-बेरला की पात्रे परिवार की एक बालिका की बाल विवाह की जानकारी मिलने पर संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रूकवाया गया। उक्त बालिका से कुसमी (बहेरा) निवासी एक 28 वर्षीय युवक से विवाह होने जा रहा था। सूचना के पश्चात टीम द्वारा बालिका एवं वर युवक के परिवारजनों के समक्ष कार्यवाही किया गया। बालिका एवं वर युवक के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई। युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में या विभागीय मो. न. 8319141116, 8269844404 पर सूचित किया जा सकता है।

# लावातरा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- डिम्पल 91.5 प्रतिशत के साथ रहीं अव्वल

शासकीय हाईस्कूल लावातरा में बुधवार को कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डिम्पल यादव 91.5% अंक प्राप्त करके कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। राधिका साहू 90.3 % अंक के साथ द्वितीय तथा शुभम चौहान 89% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा में अध्ययनरत 41 विद्यार्थियों में 33 उत्तीर्ण हुए। कक्षा का परीक्षा परिणाम 80% रहा। संस्था प्रमुख प्राचार्य आर एस देशलहरे सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था प्रमुख आरएस देशलहरे ने पूर्व विद्यार्थियों से पुस्तक लेकर अभी से कक्षा दसवीं की तैयारी में जुट जाने को कहा। व्याख्याता भुवन लाल साहू ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित सभी उत्तीर्ण बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कक्षा दसवीं में भी इससे बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए उन्होंने गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने की सलाह भी दी। उन्होंने कर्म की प्रधानता बताते हुए कहा कि कठिन मेहनत और लगन के द्वारा कोई भी प्रथम स्थान प्राप्त कर सकता है। कठिन मेहनत के सामने कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उनके द्वारा असफल विद्यार्थियों को अपनी कमी को दूर करते हुए अगले वर्ष पुनः अच्छे से मेहनत करके सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। व्याख्याता अनुज राम साहू ने उदाहरण के द्वारा शिक्षा के महत्व को बताते हुए पूर्ण अनुशासित रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने भी असफल विद्यार्थियों को निराश न होते हुए अगले वर्ष अच्छे मेहनत करके सफल होने की बात कही।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था प्रमुख रविशंकर देश लहरे, व्याख्याता गण भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभाश्वीनी मेटिया, शहनाज खान, जमुना साहू सहित कक्षा नवमीं के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में छिपा एजेंडा देश व समाजहित में उचित नहीं

# कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति को उजागर करना जरूरी: श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भाजपा के पक्ष में है माहौल

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की घोषणा पत्र में षड़यंत्र की बू आ रही है। चुनाव जीतने के लिए वह तुष्टिकरण की नीति का सहारा ले रही है, जिसका भाजपा विरोध करती है, क्योंकि यह देश व समाज हित में उचित नहीं है।

उपरोक्त बातें बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कही। उन्होने कहा कि वैसे तो प्रथम चरण के मतदान व द्वितीय चरण के लिए भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना वह भाजपा के पक्ष में है, कांग्रेस इस चुनाव में कहीं नजर नहीं आ रही है। दरअसल देश की सबसे पुरानी पार्टी अब अप्रासंगिक हो चुकी है। चुनाव प्रचार में जहां भीषण गर्मी के बावजूद भाजपा नेताओं को सुनने जनसैलाब उमड़ रहा है, वहीं कांग्रेस की सभा नाममात्र की हुई है।

भाजपा नेता ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 5 अप्रैल को कांग्रेस ने जो घोषणापत्र जारी किया उसमें तुष्टिकरण का सहारा लेने की कोशिश कर रही है। इसके लिए संप्रदाय विशेष को खुश करने फिर वहीं गलती करने प्रयासरत है जिसका दंश देश विभाजन के दौर में झेल चुकी है।

इस नीति का भाजपा जनसंघ के जमाने से ही ऐतराज करती आ रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 2014 के चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी विकास का एजेंडा तय कर प्रत्येक चुनाव में सफलता प्राप्त करते हुए कांग्रेस को पराजित करती रही है। इससे बौखलाकर कांग्रेस अब देश में धर्म, जाति के आधार पर विभाजन कर एससी, एसटी, ओबीसी सहित मध्यम वर्ग के संसाधनों को अल्पसंख्यकों को वितरित करने की रणनीति बना रही है। यह देश अनेकता में एकता वाला है। इसलिए देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है, इस चुनाव में भी भाजपा पूर्ण बहुमत प्राप्त करने जा रही है।




### ये भी रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला भाजपा महामंत्री नरेंद्र वर्मा तथा पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा उपस्थित थे।

### पाइप लाइन बिछाने खोदा गड्ढा खुला छोड़ा

**अंडा।** गुण्डरदेही मुख्यालय से 8 किमी दूर ग्राम नाहंदा में नल निर्माण के दौरान रोड में पाइप बिछाने के लिए गलियों को खुदाई की गई है, लेकिन वापस उसको पाटा नहीं गया है। ठेकेदार की लापरवाही के करण लोगों को चलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी तरफ़ नालियों का गंदा पानी रोड में बिखरा पड़ा है। नालियों का पानी नली में न बहकर रोड में फैला हुआ, जिसके चलते गंदगी रोड में फैला रहता है। ग्राम पंचायत नाहंदा के सरपंच मंजू महेंद्र सोनकर ने बताया कि नल पाइप बिछाने के दौरान ठेकेदार की लापरवाही के चलते काम आधा अधूरा किया गया है।

हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# स्टार प्रचार के साथ मंच पर चढ़ते ही प्रत्याशी को उठाना पड़ेगा पूरा खर्चा

## पचास हजार से अधिक कैश मिलने पर होगी कार्रवाई, परिणाम के 30 दिन के भीतर देना होगा चुनाव का पूरा हिसाब किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

व्यय प्रेक्षक द्वारा चुनाव से पहले प्रत्याशियों को सचेत किया गया है। जिसमें साफतौर पर कहा गया है कि, प्रत्याशी अगर स्टार प्रचारक के साथ हेलीकाप्टर में सफर करते हैं तो उन्हें पचास फीसदी खर्च वहन करना होगा और यदि प्रत्याशी स्टार प्रचारक के साथ मंच साझा करते हैं तो पूरा पैसा प्रत्याशियों के खाते से वसूल किया जाएगा। वही प्रत्याशी की जिम्मेवारी होगी कि उसके कार्यकर्ता व एंजेट से पचास हजार से अधिक का कैश नही मिले, अन्यथा आयोग का डंडा चलेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्ठी की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

### ब्यौरा नही देने पर तीन साल के लिए अपात्र

इसके साथ ही चुनावी नियमों की अवहेलना की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, चुनाव संचालन नियम 1961 कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इन प्रावधानों के तहत नियम 10 (क) व्यय का लेखा दाखिली निर्धारित समय सीमा विहित प्रारूप में लेखा जमा नहीं किया जाएगा तो आयोग द्वारा आदेश दिनांक से 3 वर्ष हेतु अपात्र घोषित किया जाएगा। नियम 78 के तहत व्यय लेखा का दाखिला चुनाव परिणाम के 30 दिन के भीतर डीईओ के समक्ष लेखा जमा करना अनिवार्य होगा।



### पूरी जानकारी क्रमवार देनी होगी

यदि स्टार प्रचारक के पार्टी प्रचार के विज्ञापन का प्रकाशन या प्रसार इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया के द्वारा किया जाता है तो यह पार्टी व्यय होगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन व्ययों के दैनिक लेखा में सम्पूर्ण विवरण यथा दिनांक, राशि, नाम, पता, बिल न. होना चाहिए। प्रत्येक वाउचर को अनिवार्यतः संलग्न करना होगा। सभी वाउचर का पेमेंट तिथिवार, क्रमानुसार दिनांकित करके व्यवस्थित संधारण करना होगा। प्रदत्त व बकाया राशि दोनों स्थितियों में प्रतिदिन रजिस्टर के भाग एक प्रविष्टि की जानी होगी।

### विधानसभा में नही दी गई थी जानकारी

विधानसभा चुनाव के दौरान तीन चरणों में प्रत्याशियों से खर्च का ब्यौरा लिया जाना था। उस दौरान एक बार भी आयोग द्वारा प्रत्याशियों के खर्च का ब्यौरा सार्वजनिक नही किया गया था। अभ्यर्थी खाते में सम्पूर्ण राशि जमा की जानी है तथा इसी खाते से ही पेमेंट किया जाना होगा। सभी पेमेंट इसी खाते से चेक, ड्राफ्ट, नेफ्ट, आनलाईन के माध्यम से किया जाना होगा। आपवादिक स्थिति में पूरे चुनाव के दौरान 10 हजार तक मात्र ही किसी व्यक्ति, फर्म को नगदी पेमेंट किया जा सकेगा। यह नकदी इसी खाते से निकालकर किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना ने जानकारी दी कि, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम नियुक्त किया गया है, जो निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखेंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक ऋषभ जैन ने प्रशिक्षण में बताया कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए चुनावी व्यय हेतु अधिकतम 95 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। उम्मीदवारों द्वारा अवैध खर्च को रोकने के लिए प्रमुख कानूनी प्रावधानों और उम्मीदवारों के बैंको से संबंधित जानकारी, अभ्यर्थी द्वारा पृथक से खाता खोलने, खाते का रख-रखाव एवं चुनाव खर्च का लेखा-जोखा रखने, चुनाव उपरांत उनके द्वारा किए गए व्यय के संबंध में शपथ पत्र एवं सभी वाउचरों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करने के संबंध में बताया गया।

## खबर संक्षेप

### 5 हाई रिस्क गर्भवती का हुआ सिजेरियन

दुर्ग। डॉ कृष्ण कुमार डहेरिया स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन ने बताया कि, 5 गर्भवति माताओं को गंभीर प्रकृति के हाई रिस्क थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एवं जिला नोडल अधिकारी ( मातृ स्वास्थ्य) डॉ अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में बीएमओ पाटन के नेतृत्व में फील्ड से हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ट्रैकिंग कर सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत कार्य किया जा रहा है। विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजर, मितानिनो से सक्रिय सहयोग से हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर विशेषज्ञों के परामर्श से क्रियान्वयन किया जा रहा है। ओपरशन में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ अंकिता बोधनकर, प्रदीप सिन्हा, हेमलता वर्मा, अनिता जोशी, रूपा सिन्हा, जितेंद्र निर्मलकर, गिरिवर ,गीतांजलि साहू, माधुरी , लक्ष्मी , शीतल, ब्लड स्टोरेज टीम श्वेता भारद्वाज, सुनीता वर्मा आदि स्टाफ के संयुक्त सहयोग से कार्य संपादित किया गया।

### सभागार में प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण

दुर्ग। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64, दुर्ग द्वारा आज नगर निगम सभागार में प्राचार्यों, प्रधान पाठको, संकुल समन्वयक की बैठक ली। सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं तथा शौचालय, पानी, रैंप, प्रकाश व्यवस्था, सहित दरवाजे, खिड़की, दरवाजे में कुंडी आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने, प्रतिदिन संस्था में जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने निर्देश दिये गए।

### 400 महिलाओं को मतदान की दिलाई शपथ

रायपुर। संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध, समाजसेवा के लिए तत्पर महाराष्ट्र मंडल जन जागरूकता अभियान में पीछे नहीं रहा है। यही वजह है कि चैत्र मास हल्दी कुमकुम और भजन स्पर्धा में उपस्थित 15 केंद्रों की लगभग 400 महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने और स्वजनों-परिचितों को वोट डालने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, मंडल के अध्यक्ष अजय काले आदि शामिल रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए दो वीडियो सांग लांच

रायपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार, रोहनचंद ठाकुर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए दो वीडियो सांग का शुभारंभ किया। शत-प्रतिशत मतदान पर आधारित गाने की रचना गौरेला-पेंड्रा-मारवाही जिले की मीनाक्षी केसरवानी ने की है। साथ ही गाने का वीडियो भी तैयार किया है। इस अवसर पर प्रेक्षकों एवं कलेक्टर ने मीनाक्षी केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

### प्रियंका गांधी ने जैन समाज के डेलीगेट से की मुलाकात

दुर्ग। डोगरगांव प्रवास पर रही राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी जैन समाज के लोगों से मिलकर उन्हें बधाई दी। महावीर जयंती के दिन राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र डोंगरगांव मोहड़ में चुनावी सभा को संबोधित करने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

## कांकेर लोकसभा सीट जीतने जिले के साथ अन्य जिलों के भाजपा कार्यकर्ता भी सक्रिय

# सुकमा से पहुंची भाजपा पदाधिकारियों की टीम मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने मांगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा



कांकेर लोकसभा सीट को लेकर भाजपा पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर बस्तर के सुदूर अंचल से पहुंचे भाजपा पदाधिकारी न तो गर्मी की परवाह कर रहे हैं, ना ही दूरियों की। कांकेर लोकसभा सीट के बालोद जिले के तीनों विधानसभा के 1 दर्जन से ज्यादा सरपंचों, महिला स्व सहायता समूहों व श्रमिक संगठनों से मिल कर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय बनाने की अपील कर रहे हैं।

सुकमा जिले से जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला उपाध्यक्ष पी विजय, जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी एवं जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अमितेश सिंह की टीम ने जगतरा स्थित हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर भक्तों से भी सनातन धर्म की परंपरा को बरकरार रखने के लिए श्री मोदी के 400 पार के विजन को पूरा करने का आव्हान किया। इस दौरान वहां उपस्थित मातृ शक्ति से महतारी वंदन को लेकर चर्चा की। वहीं, कमरौद स्थित भू प्रगट हनुमान जी के मंदिर जाकर भक्तों से भोजराज नाग के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया।

भाजपा नेताओं ने डौंडी लोहारा विधानसभा के लोहारा मंडल स्थित कार्यालय में भाजपा बालोद जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा व शक्ति केंद्र के संयोजकों के साथ बैठक कर अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का आव्हान किया। टीम ने दल्ली राजहरा स्थित तेलगु समाज के पदाधिकारियों से भेंट कर कांकेर लोकसभा सीट से भोजराज नाग को बड़ी बढ़त के साथ विजय दिलाने के लिए बैठक की। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने भाजपा को ही वोट देने की बात कही। वहीं, टीम के सदस्य रात्रि में आयोजित हनुमान जयंती की शोभायात्रा में शामिल हुए।

ग्राम पंचायत करहीबदर में सरपंच लीलाराम डड़सेना, व्यापारियों एवं माहेश्वरी समाज के बंधुओं से मुलाकात कर श्री नाग के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। इस संबंध में व्यापारियों ने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

### बुजुर्गों का किया सम्मान

सुकमा जिले से पहुंचे भाजपा नेता लीलाधर राठी, सुभाष चतुर्वेदी, पी विजय, अमितेश सिंह जामगांव पहुंचे। वहां सरपंच पुष्पा देवांगन व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट कर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर चर्चा की। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ कांग्रेसी सुंदरलाल साहू ने भाजपा प्रवेश किया। वहीं, जगतरा स्थित एफसीआई गौदाम में मौजूद सैकड़ों श्रमिकों के साथ बैठक कर बुजुर्ग श्रमिकों का सम्मान किया। जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने कहा कि आज पूरे देश मे मोदी लहर है, हर कोई मोदी जी के 400 पार के विजन के साथ जुड़ना चाहता है। ऐसे में कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग को यहाँ से भारी मत देकर विजय बना कर दिल्ली भेजना है।

# बसें चुनाव कार्य व विवाह के लिए बुक, यात्री हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यात्री बसों को चुनावी कार्य के लिए अधिग्रहण और शादी विवाह में बुकिंग होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस चुनाव में जिला प्रशासन ने चुनाव के लिए बहुसंख्यक स्कूली बसों को अधिग्रहित किया है। इससे पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में आमजनता को कम परेशानी उठानी पड़ रही है, लेकिन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शादियां अधिक होने के कारण बसों की किल्लत बनी हुई है। स्थिति यह हो गई है कि यात्री सड़क पर पैदल चलते नजर आ रहे हैं, वहीं कई यात्री ऑटो रिक्शा का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचते दिखे। कई यात्री बस स्टैंड परिसर तो कई यात्री सड़क किनारे बैठकर बस का इंतजार करते दिखे।

ज्ञात हो कि कल 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मतदान कर्मियों व पुलिसफोर्स को मतदान केंद्रों तक ले जाने बसों का अधिग्रहण किया गया है। वहीं, दर्जनों बसें विवाह में बारात जाने बुकिंग में हैं। ऐसे में यात्रियों को समय पर बस नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।



## माइलस्टोन से टकराई तेजरफ्तार मोटर साइकिल, दोनों सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के ग्राम जामगाँव बी और करहीभदर मार्ग के मध्य मोटर सायकल सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिर गए। उनमें से एक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसे इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है, तो वहीं दूसरे घायल व्यक्ति का इलाज धमतरी में जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हथौद निवासी विनोद संघारे उम्र लगभग 34 वर्ष और ग्राम सुवरबोड़ निवासी पोषण लाड़िया उम्र लगभग 35वर्ष दोनों ग्राम हथौद शादी घर से करहीभदर सामान लेने के लिए जा रहे थे। तभी मोड़ के पास ओवर स्पीड मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 0565 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे मिल पत्थर से जा टकराई। इससे एक व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट आयी है, वहीं दूसरे व्यक्ति को भी चोट आयी है। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र गुरुर भेजा गया, जिसके बाद एक व्यक्ति को इलाज के लिए धमतरी और दूसरे को हायर सेंटर रायपुर भेजा गया है।

## आर्य कन्या कॉलेज में हुई मौखिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिनों विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में आस्था सुहाने, घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, आर्य नगर दुर्ग की सहायक प्राध्यापक व बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष का पीएचडी (शिक्षा संकाय) में मौखिक परीक्षा (वाइवा) सम्पन्न हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय की कुलपति महोदया डां अरूणा पल्टा एवं समस्त वरिष्ठ सम्मानीय सदस्य, शोध निर्देशक, डां अनिता श्रीवास्तव, बाह्य परीक्षक के रूप में विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर डां जुबराज काम्हारी सम्बलपुर विश्वविद्यालय उड़ीसा एवं शोध केन्द्र कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। उपरोक्त मौखिक परीक्षा सत्र में ऑफलाईन एवं ऑनलाइनल दोनों मोड से विभिन्न शोधार्थी शामिल हुए। आस्था सुहाने के शोध का विषय "उच्चतर माध्यमि विद्यालय के महिला अध्यापकों के सामाजिक स्वतंत्रता तथा व्यावसायिक तनाव का उनके जीवन संतुष्टि पर प्रभाव का अध्ययन रहा। इस उपलब्धि हेतु वह अपने पति गिरीश सिजारिया, पुत्र अनय सिजारिया एवं परिवार के साथ ही शोध केन्द्र कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एवं घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को हृदय से धन्यवाद देती है।



## मितानिनों और विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों ने निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मितानिनों के माध्यम से लोक सभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग हेतु विगत 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार संध्या 6.30 बजे कैण्डल मार्च एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

मतदाता जागरूकता विशाल रैली में लगभग 300 मितानिनों एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर परिसर दुर्ग से पटेल चौक होते हुए जिला पंचायत दुर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से होते हुए जिला अस्पताल दुर्ग तक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के नारे एवं स्लोगन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए, सभी मतदाताओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिये 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। 85 वर्ष के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिये, जो मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंच पाने वाले मतदाताओं के लिये कलेक्टर सुश्री चौधरी द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है, जो घर पहुंचकर निष्पक्ष मतदान करायेंगे, इस स्थिति में 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजन जो मतदान केन्द्र में नहीं पहुंच पाते है वे भी शत-प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करें।



■ मतदाता जागरुकता रैली का किया गया आयोजन

## अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बीआईटी कॉलेज में और पुलिस बल के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में


# डाकमत पत्र से अधिकारी बीआईटी महाविद्यालय में दे सकेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डाकमत पत्र के जरिए वोटिंग कराए जाने के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकारी और पुलिस अफसरों को अलग अलग सुविधा उपलब्ध कराई गई है। डाकमत पत्र के जरिए ड्यूटीरत अधिकारी व पुलिस जवान दो चरणों में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेगें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में जैसे मतदान दल, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मियों, एस.एस.टी., एस.एफ.टी. तथा वाहन चालक, क्लीनर के रूप में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु विधानसभावार बीआईटी कॉलेज दुर्ग के साइंस ब्लाक में सुविधा केन्द्र स्थापित की गई है।

### पुलिस बल के लिए रक्षित केन्द्र

मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक और 04 से 06 मई 2024 को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है। इसी प्रकार समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 तक और 04 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है।




### कूलर, पानी का जिम्मा स्कूल के भरोसे

मतदान दिवस के पूर्व संपूर्ण परिसर एवं कक्षो की साफ-सफाई सुनिश्चित करने, मतदान दल के अधिकारियों के ठहरने कक्ष में लाईट, कूलर, पंखा एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने व पुरुष एवं महिला हेतु पृथक-पृथक स्वच्छ शौचालय जिसमें पानी, बाल्टी, मग, लाईट आदि की व्यवस्था, मतदान केन्द्र में आवश्यकता अनुरूप फर्नीचर की व्यवस्था, मतदान केन्द्र में मतदान दल अधिकारियों एवं मतदाताओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और मतदान दल के अधिकारियों के लिए भोजन व्यवस्था हेतु मध्यान्ह भोजन के महिला स्व सहायता समूह एवं रसोईयां को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है।

### वोटिंग के 90 मिनट पहले पहुंचे एजेंट

आगामी मतदान तिथि के दिन को लेकर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान कर्मियों को बूथ में मतदान से पहले नब्बे मिनट के पहले पहुंचने कहा गया है। ताकि वोटिंग से पहले प्राथमिक कार्य पूरा हो सके। चुनाव के दौरान मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए एनएसएस, स्काउट गाइड, रेडक्रास के छात्र मौजूद रहेगे। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के करीब 2223 मतदान और 36 सहायक मतदान केन्द्रो में मतदान कार्य संपन्न होगा।

प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन (62) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 22, दुर्ग ग्रामीण (63) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 05, दुर्ग शहर (64) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 06 एवं 07, भिलाई नगर (65) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 08, वैशाली नगर (66) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 01, अहिवारा (67) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 05 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार साजा-68 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 13 और बेमेतरा-69 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 12 तथा अन्य जिले के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 10 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

# विकसित भारत और 400 पार के लिए शत प्रतिशत मतदान अवश्य करें: विजय

## पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा समर्पित करने 35 नारी शक्ति ने किया भाजपा में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जन सेवा राष्ट्र सेवा को समर्पित संगठन भाजपा समर्थक मंच द्वारा 18वीं लोकसभा चुनाव के समय में ग्रुप लोकसभा चुनाव के अंतर्गत आज 23 अप्रैल कोभाजपा समर्थन मंच छत्तीसगढ़ की दुर्ग जिला इकाई के तट प्रधान में सांसद प्रत्याशी विजय बघेल जी को पूर्ण समर्थन देने एवं भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा समर्पित करने 35 नारी शक्ति जिसमें अधिवक्ता चिकित्सा के एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष भानु जी राव जी की अनुशंसा पर भाजपा नेत्री नीता चौरसियाकी प्रेरणा से एवं प्रदेश सचिव प्रशांत क्षीरसागर जी के



योगदान से नारी शक्ति ने भाजपा में प्रवेश किया उक्त आशाय की जानकारी भाजपा समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने देते हुए बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय महामंत्री अभिमन्यु सिंह पटेल के जी के मार्गदर्शन में पूरे भारत के 28 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार और नरेंद्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए अबकी बार 400 पार के नारे को,फलीभुत ,करने भाजपा समर्थक मंच के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सभी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा लोकसभा सांसद प्रत्याशी के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

आयोजन का संचालन भाजपा नेत्रीय नेता चौरसिया में किया उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं भाजपा द्वारा केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किया जा रहे हैं कार्यों से प्रभावित होकर आज भाजपा प्रवेश कर रहे हैं। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल द्वारा सभी नारी शक्ति को भगवा अंग वस्त्र पहनकर उनका सम्मान किया एवं पार्टी में प्रवेश करने पर बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल, भागचंद जैन, भानु जी राव, मनोज ठाकरे प्रशांति प्रसाद क्षीरसागर, भाजपा नेत्री सुश्री नीता चौरसिया, योजना,डहाके, अंजलि पटनायक, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप गुप्ता, दीपू वर्मा के अलावा भाजपा में नव प्रवेशी सदस्य एडवोकेट अंजू दास, एडवोकेट नंदिनी मिश्रा, नेचुरोपैथी डॉक्टर निर्मला गुप्ता, एडवोकेट सोहनलाल चंद्र पक्षी, एडवोकेट रूपम बनर्जी एडवोकेट प्रीति सोनी आदि ने भाजपा प्रवेश किया।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी में क्वेस्ट ऑन का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा मासिक क्विज प्रतियोगिता क्वेस्ट ऑन का एचआरडीसी विभाग के मुख्य सभागार में किया जा रहा है। मासिक व्यवसाय और प्रबंधन प्रश्नोत्तरी 'क्वेस्टअन' हर महीने के चौथे शनिवार को आयोजित किया जाता है और इसमें कार्यपालक अधिकारियों के साथ–साथ गैर कार्यपालकों की 2 सदस्यीय टीम भाग ले सकती हैं। इच्छुक प्रतिभागी, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 27 अप्रैल को एचआरडीसी सभागार में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

### एंफोर्समेंट टीम ने कब्जे हटाकर किया पौधारोपण



**भिलाई ।** बीएसपी के एनफोर्समेंट तथा पीएचडी टीम द्वारा अवैध कब्जों तथा कचरे के डंप को हटाकर पौधारोपण किया जा रहा है ।सेंट्रल एवेन्यू,सेक्टर 8 स्टील क्लब चौक में दोनों तरफ सेक्टर 9 तथा और 7 तरफ से, अवैध कब्जे हटाकर बास की फेंसिंग लगाया गया । पर्यावरणप्रेमी बालूराम वर्मा के सहयोग से ही पौधे लगाए गए ।सिक्स्ट्री एवेन्यू में बी एस एफ भवन के सामने कचरा हटाकर पौधारोपण किया गया। नारियल ठेले, खोमचो इत्यादि के वजह से सड़को में गाड़ियों की भीड तथा सड़क दुर्घटनाएं को रोकने हेतु ये कदम एनफोर्समेंट तथा पीएचडी विभाग द्वारा उठाया गया है।

### बीएसपी ने दिया कशीदाकारी का प्रशिक्षण

भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग के तत्वाधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की सहायता से महिलाओं के लिए कशीदाकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।

### सेल कर्मचारियों के बकाया का ब्याज सहित हो भुगतान

**भिलाई।** सेल कर्मचारियों के वेज रिवीजन का मामला अब अदालत में पहुंच गया है। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ भिलाई ने वेज रिवीजन मे सेल प्रबंधन द्वारा की गई कथित धांधली का खिलाफ प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली में मुकदमा दायर किया है । प्रिंसिपल बेंच में आगे की सुनवाई होनी है ।पहले बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने दिल्ली उच्च न्यायालय मे भी मुकदमा दायर किया था । न्यायाधीश ने सर्विस मैटर का केस का हवाला देकर कैट मे जाने का आदेश दिया था। यूनियन ने फिर से सभी कागजी कारवाई पूरी कर प्रिंसिपल बेंच दिल्ली में मुकदमा दायर किया है । मुकदमा का विषय वेज रिवीजन मे धांधली, अधिकारी वर्ग का मुकाबले लाभ देने मे किया गया भेदभाव , फिटमेंट तथा पर्क्स का बकाया एरियर, बाकि सुविधाओ को जानबूझ कर लटकाना, गैर निर्वाचित नेताओ के बल पर एनजेसीएस में कर्मचारी विरोधी फैसले करवाना आदि हैं । ब्याज के साथ सभी बकाया भुगतान के लिए न्याय करने की मांग अदालत से किया है । यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि सरकार, इस्पात मंत्रालय , श्रम मंत्रालय , सेल प्रबंधन किसी से न्याय की कोई आशा न होने का कारण हमे अदालत का रुख करना पड़ा है।

## बदहाली के दौर से गुजर रहे कई सहायक व लघु उद्योग

# औद्योगिक क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा चौतरफा उपेक्षा का खामियाजा, मदद की है दरकार

### कागजी साबित हो रहीं कई लोकलुभावन योजनाएं, भारी पड़ रही बीएसपी व सरकार की सुस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई की चौतरफा उपेक्षा उद्योगों पर भारी पड़ रही है। इस कारण अनेक सहायक और लघु उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। सुविधाओं और विकास के मामले में जिम्मेदार एजेंसियों की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उद्यमियों और मजदूरों के साथ क्षेत्रवासियों को भी परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा और पुराना औद्योगिक क्षेत्र भिलाई लंबे समय से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। सेल बीएसपी, डीआईसी, नगर निगम के साथ सरकार की सुस्ती की कीमत उद्योगों को चुकानी पड़ रही है । भिलाई इस्पात संयंत्र 1960 में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ था। यहां करीब तीन सौ सहायक और लघु उद्योग और भारी उद्योग हैं। अधिकतर सहायक और लघु उद्योगों की स्थिति बदहाल है। उद्योगों को जहां पर्याप्त काम ( आर्डर ) नहीं मिल रहा है वहीं उद्योग संचालन के लिए सरकारी सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है। कागजी उद्योग नीति और सहूलियतें धरातल पर उलट हैं। उद्यमियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए महीनों कई संबंधित विभागों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस विकट स्थिति के चलते उद्यमियों को उद्योगों का संचालन दिन प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। पिछले कुछ साल में ही कई सहायक और लघु उद्योग बंद हो चुके हैं और अनेक बंद होने की कगार पर हैं। कई तो ट्रेड बदलने का जोखिम उठाकर भी उलझकर रह गए हैं। उद्यमियों के मुताबिक उद्योगों की सबसे बड़ी समस्या उद्योगों के सर्वाइव करने लायक पर्याप्त काम नहीं मिलना है। औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को सेल बीएसपी से काम यानी आर्डर उपलब्ध कराए जाने की नीति और नियम है। उद्योग बीएसपी के लिए कलपुर्जे बनाकर सप्लाई करते हैं। पिछले पचास, साठ साल से नियमित आर्डर मिलने के कारण ही औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों का विकास होता रहा। लेकिन पिछले कुछ सालों से आर्डर पालिसी की विसंगतियों के चलते सहायक और लघु उद्योगों को क्षमता और विकास के अनुरुप आर्डर नहीं मिल पा रहा है। पचास फीसदी से अधिक आर्डर पर बाहरी उद्योगों को मोनोपली होने से उद्योगों की स्थिति बदतर होती जा रही है। बदहाली से उद्यमियों के साथ मजदूरों को भी भविष्य अधर में लटका है। उद्योगपति कर्ज में डूबते जा रहे हैं। उद्यमियों ने बताया कि सरकार व सेल की उदार नीति और बीएसपी से पर्याप्त काम मिलने से ही, उद्योगों की बदहाली दूर हो होगी। औद्योगिक क्षेत्र का अब डबल इंजिन की सरकार के अनुरुप तेजी से विकास होना चाहिए।

#### करोड़ों का टैक्स पटाते हैं

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों से सरकार को करोड़ों का टैक्स मिलता है। उद्यमी इनकम टैक्स भी जमा करते हैं। लेकिन राज्य और केंद्र सरकार की सुविधाओं और योजनाओं के लाभ के मामले में दयनीय स्थिति है। स्टार्टअप आदि योजनाओं, सब्सिडी, लोन, ट्रांसपोर्टिंग सहित उद्योग एवं व्यापार केंद्र और राज्य सरकार से जुड़ी सुविधाओं के मामले में उद्यमी पेंचीदगियों और परेशानियों से जूझ रहे हैं। सिंगल विंडो कनेक्शन जैसी कई लोकलुभावन योजनाएं कागज तक सिमट कर रह गई हैं। फाइल सरकाने के लिए खुद उद्यमी को कई विभागों में महीनों चक्कर लगाना पड़ रहा है।



#### बुनयादी सुविधाओं के लिए तरस रहे

करीब दस से किलोमीटर में फैले तीन सौ छोटे बड़े उद्योग वाले औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल हैं। सड़क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सीवेज लाइन, सफाई, प्रदूषण, बारिश मे जलभराव, ग्रीन बेल्ट आदि की समस्याओं से उद्यमियों और उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों और मजदूरों के साथ श्रमिक बस्तियों को लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उद्योगपतियों द्वारा कई बार डीआईसी, नगर निगम और निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के ध्यानाकर्षण के बाद भी अब तक हथखोज ट्रांसोपोर्टनगर रोड, जामुल रोड व बीईसी छावनी रोड आदि कई जर्जर सड़कों की मरम्मत नही किया गया है। बारिश कई क्षेत्र टापू बन जाते हैं। नीको के पीछे, हाउसिंग बोर्ड रोड आदि में कई स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। ट्रांसपोर्टनगर निर्माण अधूरा है।

## दस साल में मोदी की गारंटी हुई फेल, नहीं किए वादे पूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता नीता लोधी ने कहा है कि पिछले दस साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में लगातार झूठ बोले गए। भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि देश के सामने भाजपा और मोदी ने कई बड़ी गारंटी दी, लेकिन इन गारंटियों को आज तक पूरा नहीं किया गया। 10 साल के कार्यकाल में मोदी की हर गारंटी फेल हो गई। केंद्र की मोदी सरकार ने झूठ बोलने और भ्रष्टाचार के सिवा कोई काम नहीं किया। लोकसभा चुनाव के जनसंपर्क करते हुए नीता लोधी ने कहा कि मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में गारंटी देते हुए कहा था कि उनकी सरकार बनने पर 100 दिनों में कालाधन वापस लाया जाएगा। सौ दिन में कालाधन वापस लाने की गारंटी देने वाले मोदी आज दस साल यानी 3650 दिन बीतने के बाद भी कालाधन वापस नहीं ला सके। उलटे, कई बड़े उद्योगपति बड़ी आसानी से अरबों रुपए लेकर देश से चले गए। भाजपा सरकार ने देश का अरबों रुपए लेकर जाने वालो के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। नीता ने कहा कि मोदी सरकार ने हर भारतीय के बैंक खाते में 15 लाख रुपए जमा करने की गारंटी दी थी। आज तक किसी के खाते में 15 लाख तो दूर 15 हजार रुपए भी जमा नहीं हुए। इसी तरह पेट्रोल-डीजल की दर 35 रुपए प्रति लीटर करने, गैस सिलेंडर सस्ता करने की गारंटी दी गई थी। पेट्रोल डीजल के रेट सौ रुपए हो गए हैं जबकि गैस सिलेंडर 475 रुपए से बढ़कर 11 सौ रुपए हो गया। केंद्र की मोदी सरकार ने 2014 के चुनाव में युवाओं से वादा करते हुए हर साल दो करोड़ रोजगार देने की गारंटी दी थी। 10 साल में 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलने की बजाय करोड़ों लोगों की नौकरी चली गई। मोदी सरकार पढ़े लिखे लोगों को पकौड़े तलने की सलाह देकर युवाओं के जले में नमक छिड़कने का काम कर रही है।



# बोरियाखुर्द में चाकूबाजी में एक की हत्या, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द में सोमवार रात को चाकूबाजी की घटना हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, वहीं तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वारदात को अंजाम मोहल्ले के करीब आधा दर्जन लड़कों ने दिया है, जिनसे मृतक और उनके साथियों का विवाद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में 5 संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। इस घटना की सूचना पुलिस को लोगों ने दी। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना के बाद पुलिस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस दौरान मृतक का शव मैदान में बारिश में भीगता पड़ा रहा।

### मंझले ने छोटे भाई का सिर फोड़ा, बड़े ने रात में हल्दी लगाकर सुला दिया, सुबह मिला मृत

राजधानी रायपुर के कोटा इलाके में सोमवार रात में आपसी विवाद पर एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई का पटिया से वार कर सिर फोड़ दिया। इस वार की चोट को मामूली समझकर बड़े भाई ने घरेलू इलाज करते हुए उसकी चोट पर हल्दी लगाकर उसे सुला दिया। दूसरे दिन सुबह वह मृत मिला। इस घटना के बाद बड़े भाई ने इसकी रिपोर्ट थाने में की, जिसके बाद पुलिस ने पटिया से वार करने वाले मंझले भाई को गिरफ्तार किया है। शिव मंदिर के पास कोटा निवासी मनोज क्षीरसागर सोमवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे सरस्वती नगर थाना पहुंचा और जानकारी दी कि उसके सबसे छोटे भाई नीरज की मंझले भाई अजय ने हत्या कर दी। उसने बताया कि 22 अप्रैल की रात करीब 10 बजे नीरज और अजय के बीच घरेलू बात पर विवाद हो गया था। इस विवाद के दौरान अजय ने गुस्से में आकर नीरज के सिर पर पटिया से वार कर दिया। इससे उसके सिर से खून निकलने लगा था, लेकिन चोट ज्यादा गहरी नहीं है यह मानकर मनोज उसे डाक्टर के पास न ले जाकर उसकी चोट पर हल्दी लगाकर उसे सुला दिया। सुबह जागने पर जब वह नीरज को उठाने पहुंचा, वह उठा ही नहीं। उसकी मौत हो चुकी थी।

### शोभायात्रा के लिए सड़क बंद करने की बात पर हुआ विवाद

*टिकरापारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 10:30 बजे संगम पैलेस के पास बोरियाखुर्द की है। घटना के समय मोहल्ले में रहने वाले शुभम गिरी, जयेश गिरी, रवि तोंडे, सूरज नंदे सहित अन्य लड़के हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे थे। इस तैयारी के दौरान मोहल्ले की एक सड़क को बंद कर दिया था। इसी दौरान मृतक आर्यन तोमर अपने साथी शुभम चंद्राकर, समीर साहू एवं सिद्धांत निषाद के साथ पहुंचा। रास्ता बंद पाकर आर्यन और उसके साथियों ने लड़कों को रास्ता खोलने के लिए कहा। इस बात पर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने से उनके बीच हाथा-पाई हो गई। इस दौरान आवेश में आकर लड़कों ने आर्यन और उसके साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में आर्यन के पेट में वार किए गए हैं, जिससे उसकी मौत हो गई, वहीं अन्य साथियों पर भी चाकू से हमला किया गया है, जिससे उन्हें भी गंभीर जख्म आए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक आर्यन के पिता नरोत्तम तोमर कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं।*

## ट्रेन में कंफर्म बर्थ के साथ 17 कोच भी, यात्रियों की सुविधा बढ़ाई

**भिलाई।** बढ़ती गर्मी को लेकर रेलवे ने ट्रेन में सफर करने वाले् यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान पुरी-उधना-पुरी के मध्य 17 फेरों के लिए द्वि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । जिसमें ट्रेन 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से 25 अप्रैल से 27 जून 2024 तक प्रत्येक सोमवार व गुरुवार और 08472 उधना-पुरी समर स्पेशल उधना से 26 अप्रैल से 28 जून तक मंगलवार व शुक्रवार को चलेगी। इस ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। ट्रेन 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को 6.30 बजे रवाना होगी। बिलासपुर आगमन 16.10 बजे, प्रस्थान 16.25 बजे, रायपुर आगमन 18.55 बजे, प्रस्थान 19.00 बजे, दुर्ग आगमन 20.15 बजे, प्रस्थान 20.20 बजे, गोंदिया आगमन 22.35 बजे, प्रस्थान 22.37 बजे होगा। दूसरे दिन 14.00 बजे उधना पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन 08472 उधना-पुरी समर स्पेशल उधना से मंगलवार व शुक्रवार को 17.00 बजे रवाना होगी। गोंदिया आगमन दूसरे दिन 08.45 बजे, प्रस्थान 08.47 बजे, दुर्ग आगमन 09.50 बजे, प्रस्थान 09.55 बजे, रायपुर आगमन 11.15 बजे, प्रस्थान 11.20 बजे और और बिलासपुर आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 13.55 बजे तथा 22.45 बजे पुरी पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 8 स्लीपर, 2 एसी-थर्ड, एसी सेकंड समेत 17 कोच की सुविधा ट्रेन में होगी।

## प्रत्याशी संकटमोचक की शरण में, मांगा आशीर्वाद...





**भिलाई।** भिलाई विचारधारा और राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के मामले में भले ही कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी एक नदी के दो किनारे हों। लेकिन धार्मिक आस्था को लेकर दोनों ही एक हैं। हनुमान जंयती पर मंगलवार को संयोग से भाजपा उम्मीदवार विजय बघेल और कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू एक साथ कई मंदिरों के धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। दोनों ने संकटमोचक से जीत का आशीर्वाद तो मांगा ही, लगे हाथ जनसंपर्क भी हो गया।

## सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षाएं 29 अप्रैल से शुरू होकर 11 मई तक आयोजित होगी

# प्राध्यापकों की लोकसभा चुनाव ड्यूटी, सेमेस्टर परीक्षाएं आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोकसभा चुनाव में कॉलेज प्राध्यापकों की ड्यूटी लगने की वजह से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षाओं की नई तिथि तय की है। सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षाएं 29 अप्रैल से आरंभ होकर 11 मई तक आयोजित किए जाएंगे। द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की थ्योरी परीक्षाएं 17 मई से आरंभ होकर जून के द्वितीय सप्ताह तक चलेगी। यह निर्णय विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा द्वारा समस्त प्राचार्यों की ऑनलाईन बैठक में लिया गया।

### 25 हजार से ज्यादा विद्यार्थी देंगे परीक्षा



प्रत्येक महाविद्यालयों को अपने वेबसाइट तथा विवरण पत्रिका में शुल्क एवं अन्य समस्त जानकारी प्रकाशित करना अनिवार्य होगा सेमेस्टर परीक्षाओं में लगभग 25 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होने की संभावना है। वर्तमान में विलंब शुल्क के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने का क्रम जारी है। डॉ. राजमणि पटेल के अनुसार 7 मई लोकसभा चुनाव में मतदान तिथि तथा अनेक प्राध्यापकों की चुनाव में ड्यूटी होने के कारण प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के लिए महाविद्यालयों को लगभग दो सप्ताह की समयावधि दी गई है। बाह्य परीक्षकों की सूची भी महाविद्यालयों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत एम.ए, एमकॉम, एमएससी, एमलिब, एमएसडब्लयू, पीजीडीसीए, डीसीए, बीएड, एमएड, एलएलबी, बीबीए आदि कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित होंगी।

### 150 कॉलेजों में परीक्षा तिथि बदली

विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं परीक्षा उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि लगभग 150 से अधिक प्राचार्यों की ऑनलाईन बैठक में कुलपति ने यह निर्णय लिया। इस बार सेमेस्टर परीक्षाएं प्रातः 9 से 12 बजे तक आयोजित होंगी।बैठक में कुलपति ने प्राचार्यों को जानकारी दी कि आगामी शिक्षण सत्र 2024–25 से शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समस्त महाविद्यालयों में लागू किये जाने की प्रक्रिया चल रही है। इस संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों की प्रतीक्षा है तथा उच्च शिक्षा विभाग अकादमिक कैलेण्डर भी जारी करने वाला है। समस्त महाविद्यालय निर्देश प्राप्त होने के बाद ही अपने महाविद्यालयों का प्रास्पेक्ट्स अर्थात विवरण पत्रिका प्रकाशित करें।

## पेज 9 के शेष

### मोदी को तीसरी बार ...

महिला मोर्चा अध्यक्ष साजा मंडल इंद्राणी सिन्हा महामंत्री समिति के सदस्य रोहित नायक संतोष साहू केशव पटेल हनु प्रसाद तिवारी हरिशंकर नेताम सियाराम जायसवाल टेकराम पटेल पुरुषोत्तम साहू तुलसीराम वर्मा डॉक्टर प्रेमानंद ठाकुर मोरध्वज चंद्राकर गणेश साहू एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम जनता उपस्थित रहे।

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित ...

भाजपा कार्यकर्ताओं को भारी संख्या में लाने की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही उन्होंने कहा की वे जनता के पास जाएं और उन्हें डबल इंजन की सरकार के साथ-साथ देश को प्रगतिशील और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इसलिए भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर 400 के पार से केंद्र में फिर मोदी सरकार बने , इस महती जिम्मेदारी को जिले के कार्यकर्ता गंभीरता से लेकर कार्य करें।



## खबर संक्षेप

### ट्रक से बाइक सवार की मौत



**भिलाई।** खड़ी ट्रक में बाइक समेत युवक के टकरा जाने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव का शिनाख्त कर उसे पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया।मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन टीआई पीडी चंद्रा ने बताया कि चरोदा निवासी मोतीलाल बघेल अपना ससुराल जाने के लिए बाइक से निकला था। सोमवार की रात जोरदार बारिश गिरने से सिरसा गेट भिलाई 3 की सड़क के बीचो-बीच खडी ट्रक को मोतीलाल नहीं देख सका और बाइक समेत ट्रक में जा घुसा। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक का ससुराल नेहरु नगर बाम्बे आवास में है। मृतक रायपुर में क्रेन ऑपरेटर था। जोरदार बारिश गिरने से मोतीलाल ने सिर पर पहना हुआ हेलमेट तक को निकाल दिया था। सिर पर चोट आने से युवक की मौक पर मौत हो गई। नेशनल हाइवे पर खराब ट्रक बीचो बीच सड़क पर खड़ा था। इसके चलते बाइक सवार जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुचे थे। मृतक का एक बेटा और बेटी है।

### जहर सेवन करने से किशोरी की मौत

**भिलाई।** जहर सेवन से गंभीर होने पर परिजनों ने किशोरी को उपचार के लिए अस्पताल ललाया गया था। किशोरी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन ने सूचना मोहन नगर पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव डोंगरगांव निवासी किशोरी रेणुका साहू जहर सेवन किया था। जिसे उपचार के लिए दुर्ग स्थित आरोग्य अस्पताल में 5 अप्रैल को भर्ती कराया गया था। जिसकी उपचार के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा कि पढ़ाई को लेकर रेणुका को उसके भाई ने डांटा था। इसके बाद किशोरी ने जहर सेवन कर लिया था। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### कोयले से भरी बोगी में लगी आग

**भिलाई।** कोयला से लदी ट्रेन की बोगी में अचानक धुआं उठता देख लोको पायलेट ने कंट्रोल को सूचना दिया। ट्रेन को भिलाई नगर स्टेशन पर रोका गया। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई। ट्रेन में धुंए के साथ आग भी लग गया था। फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक डायल 112 से मंगलवार को सूचना मिली थी कि कोयले से भरी बोगी में आग लगी है। उसे भिलाई नगर स्टेशन पर रोका गया है। खबर लगते ही दमकलकर्मियों को वहां पहुचे।। अग्निशमन कर्मियों ने कोयले से भरी बोगी में लगी आग को बड़ी सावधानी से हाईटेंशन तार से खुद का बचाव करते आग पर काबू पाया। आग को बुझाने में एक दमकल वाहन में पानी पहुचाया गया। समय रहते आग पर काबू पाया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में कोयले से भरी बोगियों में आग लगने की अक्सर खबर मिलती है। इसे देखते हुए उनकी टीम हमेशा तैनात रहती है।

# विवाह समारोह में पहुंची स्वीप टीम, वर-वधू के साथ मेहमानों को दिलाई मतदान की शपथ






**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के 209 स्थानों पर आयोजित स्थानीय विवाह समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा वर-वधू एवं परिजनों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि ग्राम टटेंगा हल्दी में विवाह के रस्म के दौरान वर–वधू के साथ–साथ समारोह में उपस्थित मेहमानों ने भी अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम अछोली में भी अधिकारी–कर्मचारियों ने विवाह मण्डप में पहुँचकर वर वधु सहित उनके परिजनों एवं उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

### स्पर्धा : महाराष्ट्र के पुणे में हो रही प्रतियोगिता में शामिल होने हुए रवाना

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में हसदा स्कूल के 9 खिलाड़ी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्कूल गेम फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता जो कि महाराष्ट्र के पुणे शहर में आयोजित है। जिसमे बेमेतरा जिले के एक ही विद्यालय के लगभग 9 खिलाड़ियों को चयन होना एक विशेष उपलब्धि है। स्कूली खेलों द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर इन सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए हुवा है।राज्य स्तरीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता जो कि जगदलपुर में हुई।

इसमें विद्यालय की 19 वर्ष बालिका ने वहां प्रथम स्थान प्राप्त किया। ठीक इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग ने द्वितीय स्थान तथा बालिकाओं ने प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। अपने दमदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को अपनी ओर आकर्षित कर इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। चयनित खिलाड़ी इस प्रकार है। जहां 19 वर्ष बालक में आदित्य वर्मा,अभिषेक माहेश्वरी है वही बालिका वर्ग में दुलेस्वरी धीवर,आरती धीवर, भानु विश्वकर्मा,साक्षी मरकाम है। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक में रमजान अली, दीपक यादव है वही बालिका वर्ग में टिकेश्वरी निर्मलकर,गोमती यादव ने प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में लगभग 16 राज्यों की टीम अपना प्रदर्शन करेगी। जिसमे चयनित खिलाड़ी 21 अप्रैल को आजाद हिंद एक्सप्रेस से पुणे के लिए रवाना हुए हैं। आपको बता दें कि पूरे जिले में एकमात्र ऐसा स्कूल है। जहां पर रग्बी जैसा खेल का प्रशिक्षण यहां के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव तथा सीनियर खिलाड़ी आकाश वर्मा के द्वारा दिया जाता है। लगभग 10वर्षो से यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय स्तर पर चयनित होते रहे हैं और प्रदेश को पदक भी दिलाया है, चाहे वह राज्य स्तरीय हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता हो।सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर यहां के संस्था के प्राचार्य दुष्यंत परगनिहा ने खिलाड़ियों के चयन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ तथा संकुल समन्वय में दीपक आडिल संध्या परगनिहा,मेघनाथ निर्मलकर,तथा सरपंच तेजस्वी पवन डहरिया तथा ग्राम के पंकज वर्मा, मानचंद निर्मलकर, वेदकुमार निर्मलकर,अजय निर्मलकर ने खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की तथा स्कूल के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव की इस उपलब्धि के लिए उनकी सराहना की।

# बच्चे खेल-खेल में सीख रहे भाषाई व गणितीय कौशल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना विकास खंड साजा में दस दिवसीय समर कैम्प का आयोजन बहुत ही उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। वार्षिक परीक्षा पश्चात बच्चों में भाषाई, गणितीय कौशल विकास के लिए ये रोचक गतिविधियाँ करायी जा रही है। बच्चे समझ के साथ कार्य करें। इसके लिए प्रतिदिन अलग अलग गतिविधि करायी जा रही है, शब्दों का पर्ची बनाना जैसे पेड़, दीपक, चिड़यि आदि, आइसक्रीम स्टिक से क्राफ्ट बनाना और उसे गणितीय एक्टिविटीज से जोड़ना क्राफ्ट बनाने में कितने स्टिक लगे उनकी लम्बाई कितनी थी, किस तरह के क्राफ्ट बनाये गये। फिर बच्चों को बोलने और किये गये गतिविधि पर लेख लिखने के लिए प्रेरित किया।

- समर कैम्प में कराई जा रही है विभिन्न गतिविधियां

सर्कल, त्रिकोण, आयतकार नुमा चार्ट पेपर काटकर टैडी बीयर, चिड़यि, मेढ़क आदि बनाये इस पर बच्चों के साथ समूह चर्चा की। गणित विषय पर आकृतियों की समझ विकसित की। शाला में समर क्लास का संचालन हिम कल्याणी सिन्हा कर रही हैं। हिम कल्याणी सिन्हा कहती हैं कि समर कैम्प बाहरी दुनियाँ से अलग होने, प्रकृति से घिरे रहने और आमने- सामने संवाद करके नई दोस्ती बनाने का एक दुर्लभ अवसर है, बच्चें बिना झिझक के खुशनुमा माहौल में कार्य करते हैं जिससे वह और अधिक आत्मनिर्भर बनते हैं। बच्चों के विकास के लिए उनका आत्मनिर्भर होना बेहद जरुरी है। इसके अलावा समर क्लास में कई तरह की एक्टिविटीज होती है। जिससे बच्चों का हिडेन टैलेंट सामने आता है और उसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

प्रतिदिन एक नई गतिविधि करायी जाती है। आउट डोर गेम और इंडोर गेम जिससे बच्चें मानसिक रूप एकाग्र और व्यस्त रहते हैं। शिक्षिका बताती समर क्लास में बिताये कुछ दिन बच्चों के लिए बहुत अच्छा अनुभव हो सकता है। एक नई जगह पर अपने साथियों के साथ नई- नई चीजों को सीखना, खोज करना उनके मन पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से चेतन कामले क्लास में उपस्थित होकर बच्चों से चर्चा किये, समझ के साथ पढ़ने हेतू प्रेरित किये, बच्चों को पुस्तक पढ़वाये और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बच्चों के द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा किये। समर क्लास में बच्चों के माता पिता का भी सहयोग मिल रहा है। शाला के प्रधान पाठक लेखराम वर्मा बच्चों को प्रोत्साहित करते रहते है, बच्चे क्लास में मौसमी फल आदि का आनंद लेते है और बहुत हर्ष उल्लास के साथ समर क्लास में भाग ले रहे हैं।

# चीजगांव में हनुमान जन्मोत्सव की रही धूम



**बेमेतरा।** हनुमान जन्मोत्सव ग्राम चीजगांव में मंगलवार को पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंगलवार को हनुमान जी का दिन कहे जाने से मंदिर में दर्शन के लिए ही सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ी।

मंदिरों में हनुमान चालीसा व हनुमान भजनों के धुन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होते रहे। जन्मोत्सव पर दैहान स्थित हनुमान मंदिर में हवन-पूजन किया गया। हवन-पूजन के बाद प्रसादी भंडारा भी किया गया। शाम 7 बजे श्री हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में डीजे धुन के साथ गांव के विभिन्न मार्गो व गलियों से निकाली गई। इस अवसर पर भक्तों ने हनुमान जी का आरती उतारकर जन्मोत्सव मनायी। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मुख्य रूप से सहयोग प्रदान करने में कुबेर साहू, बाबूलाल साहू, घनश्याम साहू, देवसिंग यादव, दसरू यादव, रामसहाय यादव, बलराम साहू, हीरासिंग साहू, गोकुल विश्वकर्मा, शीतल साहू, लुकेन्द्र साहू, हेमंत साहू, रामावतार साहू, अजय साहू, ओमप्रकाश साहू, चिंताराम साहू, वीरसिंग साहू, सुनील साहू, टेकराम साहू, हालेश्वर मंडावी, कियत, उमाशंकर, टीकम, राजेन्द्र शोभाराम, राजेश, लोकेश्वर, विजय, सुनील, अजय, लालचंद, चेतन साहू, छबीलाल, भवानी, रोशन, तुकाराम,अवध, प्रमोद, उगेश, युगल, धनेश, राहुल, डोमन, पूरन, भोजराज सहित ग्राम के सभी श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### डौंडी नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं से की भेंट

# भाजपा अजा मोर्चा ने की मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील



**डौंडी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा कांकेर लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बालोद जिले के डौंडी मंडल अंतर्गत नगर पंचायत डौंडी के अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र बंधिया पारा, वार्ड क्रमांक 9 सुभाष चंद्र बोस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने के लिए सघन जनसंपर्क किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत डौंडी के पार्षद मात्रमदास कोसरे ने बताया कि बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल खोबरागड़े ने समाज के धर्मस्थल जैतखाम में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। इसके पश्चात नगर पंचायत डौंडी के अध्यक्ष सोमेश सोरी की उपस्थिति में अनुसूचित जाति मोर्चा के सदस्यों ने घर-घर जाकर व्यापक रूप से जन सम्पर्क किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल खोबरागड़े ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः इस देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सभी को संकल्प लेना है एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को भारी मतों से विजयी बना कर इस बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से पवन बंजारे, छन्नू राम भुवार्य, गैंदाराम बघेल, अर्जुन सोनी, शिवराम, यशोदा पाटिल, अम्मू गोयल, सांवली गोयल, प्रमिला निषाद, उर्मिला बघेल, रंभा बंजारे, मोनिका जोशी, बिंदु गोयल, चंचल गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आंधी में उड़ा स्थैतिक चुनाव दल का टेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



मंगलवार रात्रि 10 बजे अचानक मौसम बदला एवं तेज हवा, आंधी के साथ बूंदा बांदी हुई, तेज हवा से ग्राम पुरूर में कैंप लगाकर वाहनों की जांच करने वाला स्थैतिक चुनाव दल भी चपेट में आ गया। तेज हवा में टेंट खंभे सहित उखड़कर 30 फीट दूर जा गिरा। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

रात में जिस समय तेज हवा चलने लगी थी, तब पुरूर स्थित कैंप में अतिरिक्त सीईओ बालोद एके ध्रुव के साथ सनौद थाना के कांस्टेबल लिकेश सिन्हा एवं दीपक कतलाम, ड्राईवर जगदीश मंडावी व कैमरामैन हुमेश मानिकपुरी तैनात थे। अचानक तेज हवा चलने से जब टैंट उड़ने लगा, तो पहले सभी ने टेंट को बचाने का प्रयास किया, लेकिन हवा की गति एवं दबाव अधिक होने पर सभी सुरक्षित पास के पक्के मकान में चले गए। टैंट उड़ने के बाद भी पूरी टीम खुले आसमान के नीचे पूरी रात चुनाव ड्यूटी पर तैनात रही एवं सुबह तक सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

### निकाली गई शोभायात्रा, हलवा और खिचड़ी प्रसाद का किया गया वितरण

# बाबा दरबार धनोरा में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में भगवान श्री हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही सिरसिदा उत्तर बस्तर वाले हिरेश सिन्हा व जितेश्वरी सिन्हा का मानस गान कार्यक्रम भी रखा गया।

- हिरेश व जितेश्वरी सिन्हा ने मानसगान की दी प्रस्तुति

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया और भक्ति संगीत पर झूमते रहे। दरबार के लक्ष्मण बाबा, चंद्रकांत कोसरे, कुंज लाल साहू राजू यादव विनोद साहू मनोज पटेल ने बताया कि 23 अप्रैल को गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें जय बजरंग अखाड़ा मंडली सिवनी मंदिर हसौद के सदस्यों ने शानदार करतब का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा बजरंग पारा से बाजार चौक, मेन गली शीतला पारा, कर्मा मंदिर, गौरा चौरा, बम्लाई पारा, गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंची।

वहां पूजा पाठ कर के पताका चढ़ाया गया। इस अवसर पर हलवा एवं खिचड़ी प्रसाद का प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा गांव भगवान हनुमान की जय से गूंजता रहा। कार्यक्रम में दरबार के विनोद साहू गुलाब साहू मनोज पटेल योगेश साहू राजू यादव मनसुखा साहू गज्जू रायपुरिया बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच सुंदर स्प्रे कल्याण देवांगन कुंज लाल साहू चन्द्र कांत देवांगन ओमकार साहू रुपलाल टेलर मारियल साहू गुमान टीकम बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू लक्ष्मी साहू दुर्गा साहू देवकी साहू अंजु देवांगन टीकेशवरी साहू पुजा साहू डिम्पल सुरुचि हितेश पटेल कौशिलया सेन वेदू साहू नेहा पप्पू नंद पंडा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

